बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

का०आ०सं०–भवन–03 / स्था०विविध–15 / 2025..... / पटना, दिनांक.....

आदेश

(शुद्धि–पत्र)

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम प्रतिनियुक्त कनीय अभियंताओं (असैनिक) के HRMS पर On-boarding तथा नियुक्ति एवं पदस्थापन के बीच की अवधि का नियमानुसार वेतन भुगतान आदि कार्य हेतु विभागीय आदेश संख्या–10363(भ) दिनांक–02.11.2026 द्वारा कुल–24 कनीय अभियंता की सेवा अस्थायी रूप से निगम से वापस लेते हुये उन्हें विभाग अन्तर्गत विभिन्न अंचल / प्रमंडल में पदस्थापित किया गया है।

उक्त आदेश की कंडिका–1 के क्रम संख्या–22 पर अंकित कनीय अभियंता श्री सुमन कुमार भारती के नाम के सम्मुख स्तम्भ–3 में अंकित अस्थायी रूप से नवपदस्थापन स्थल को भवन **अंचल**, सुपौल के स्थान पर भवन **प्रमंडल**, सुपौल पढ़ा जाय।

2. उक्त आदेश की शेष कंडिकायें यथावत् रहेंगी।
3. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –
(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– भवन–03 / स्था०–विविध–15 / 2025.....पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि–मुख्य सचिव, बिहार / सचिव, गृह विभाग / सचिव, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– भवन–03 / स्था०–विविध–15 / 2025.....10492617.....पटना, दिनांक– 5/11/26
प्रतिलिपि–सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव / अपर सचिव / अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा / कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सुपौल / श्री सुमन कुमार भारती, कनीय अभियंता (असैनिक) एवं आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

Scanned with OKEN Scanner